माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक: 619/शैक्षणिक/एम0एस0यू0/2026–27 दिनांक– 06/11/26

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय,
जनपद–सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली।

विषयः–विश्वविद्यालयों/संस्थानों में युवाओं को स्वावलंबी व रोजगारपरक बनाने के उददेश्य से कुशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0 ई–5572/32–जी.एस./2025 दिनांक 13 अगस्त 2026 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में युवाओं को स्वावलंबी व रोजगारपरक बनाने के उददेश्य से कुशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के निर्देश दिये जाने हेतु विश्वविद्यालय के पत्रांक सं0– 407/शैक्षणिक/एम0एस0यू0/2026–27 दिनांक 18.08.2026 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को पत्र प्रेषित किया गया। जिसके क्रम में महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन कोई कार्यवाही नही की गयी।

उक्त के क्रम में कृपया अपेक्षित कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः– **यथोक्त।**

भवदीय

06-11-2026

(कमल कृष्ण)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. वित्त अधिकारी।
04. समस्त सहायक कुलसचिव।
05. गार्ड फाईल।

(अनूप कुमार)
उपकुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांकः- 407/शैक्षिक/एम0ए0ए0यू0/2026–27 दिनांक- 18/8/26

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय,
जनपद–सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली।

विषयः– विश्वविद्यालयों/संस्थानों में युवाओं को स्वावलंबी व रोजगारपरक बनाने के उददेश्य से कुशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0 ई–5572/32–जी.एस./2025 दिनांक 13 अगस्त 2026 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में युवाओं को स्वावलंबी व रोजगारपरक बनाने के उददेश्य से कुशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त पत्र की प्रति संलग्न है, जो कि स्वतः स्पष्ट है।

उक्त के क्रम में कृपया अपेक्षित कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः– यथोक्त।

भवदीय

(कमल कृष्ण)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. वित्त अधिकारी।
04. समस्त सहायक कुलसचिव।
05. गार्ड फाईल।

(अनूप कुमार)
उपकुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

ई–मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

लखनऊ–226027

संख्याःई– 5572 /32–जी.एस./2026

दिनांकः 13 अगस्त, 2026

प्रेषकः

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया जी के निर्देशानुसार समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में युवाओं को स्वावलंबी व रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाना है।

2. उक्त के संबंध में माननीय कुलाधिपति महोदया ने समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों को उनके यहां खाली पड़े शैक्षणिक भवनों तथा उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए कम से कम 500 ऐसे युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ दी, लेकिन हुनर सीखकर रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ना चाहते हैं।

3. इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान को प्रतिवर्ष कुल 500 संभागियों (महिला एवं पुरुष) को विभिन्न रोजगारपरक विधाओं में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना अनिवार्य है।

4. इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रस्तर–2 में दिए गए दिशा–निर्देशों एवं मानकों के अनुसार अपने विश्वविद्यालय/संस्थान में उक्त कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की त्वरित रूपरेखा तैयार कर इसे यथाशीघ्र प्रारंभ करने का कष्ट करें, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

भवदीय,

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
भा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
(अपर मुख्य सचिव स्तर)

Scanned with OKEN Scanner